तारीख हुक्म	**सुनील कुमार बनाम लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, फलौदी)** सू.अ.अपील संख्या 187/2022	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
20.07.22	अपीलार्थी सुनील कुमार जानी निवासी मकान न. 08, गली न. 04, कैलाश नगर, एयरपोर्ट रोड़, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 20.03.2022 में उसके द्वारा (1) इमरती पत्नी मांगीलाल निवासी ग्राम डढ्ढू, तहसील फलौदी, जोधपुर वर्तमान में बी.पी.एल. में है या नहीं (2) अन्य बिन्दू से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, फलौदी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, फलौदी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (उपखण्ड अधिकारी, फलौदी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी, फलौदी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया।	